# आकाशवाणी शिमला

## 06.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं जिनमें लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन और निरस्त करने जैसे प्रयास शामिल हैं। वे आज शिमला स्थित अपने सरकारी निवास ओकओवर में पूर्व आईएएस अधिकारी डॉक्टर अरूण शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'फ्रॉड इन फाइल्स–ए कम्पेंडियम ऑफ केस स्टडीज का विमोचन करने के दौरान बोल रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ये पुस्तक संस्थागत कमियों पर प्रकाश डालने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि लोगों की मुश्किलों को कम करने वाले प्रयास सराहनीय है।

**जगत प्रकाश नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा के आगमन पर बिलासपुर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान आज केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री बिलासपुर के जबली में भाजपा जिला कार्यालय भवन दीपकमल का शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री कल 7 मार्च को बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन, 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे।

**वन मंजूरी**

मण्डी जिले में सलापड़ तत्तापानी सड़क के नवीनीकरण को लेकर फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई हैं और जल्द की वन व निजी भूमि के अधिग्रण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सुंदर नगर के विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 में इस सड़क को डबल लेन करने के लिए सीआरएफ के तहत 2 सौ 19 करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर की थी लेकिन फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिलने से इसका कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि ये सड़क मण्डी व शिमला जिलों की सीमाओं को आपस में जोड़ती है।

**हड़ताल**

प्रदेश में पटवारी व कानूनगो उनको स्टेट कैडर में लाने के फैंसले के खिलाफ हड़ताल पर हैं, जिससे राजस्व से संबधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त पटवारी कानूनगो महासंघ के महासचिव चंद्र कुमार ने कहा है कि स्टेट कैडर से उनकी पदोन्नति पर असर पड़ता है और उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक यह फैसला वापिस नहीं लिया जाता।

उधर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पटवारी कानूनगो महासंघ के साथ कई दौर की बातचीत के बाद स्टेट कैडर में लाने का फैसला जनहित में लिया गया है तथा इस तरह का आंदोलन करना जनहित में नहीं है।

**संघ**

राज्य पथ परिवहन निगम की चालक व परिचालक यूनियन पिछले कई दिनों से वित्तीय देनदारियों को अदा न करने और सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में आंदोलनरत है। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि अगर 9 मार्च तक उनकी मांगे नहीं मानी गई तो 72 घंटे के लिए चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनियन ने इस संबंध में प्रबंधन को नोटिस दे दिया है।

**राहत सामग्री**

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में हिमस्खलन से प्रभावित कुमार गांव के लोगों को आज ज़िला प्रशासन द्वारा वायुसेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से खाद्य वस्तुओं व वस्त्र समेत अन्य राहत सामग्री पहुंचा दी गई है।

———————————